पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर

Established: 2004

'B++' Accredit-ed by NAAC (2022) with CGPA 2.96

New Syllabus For

Master of Arts (M. A. in Hindi)

UNDER

Faculty of Humanities

M. A. Part – II (Sem. – III & IV)

From 2024-25

STRUCTURE AND SYLLABUS IN ACCORDANCE WITH

NATIONAL EDUCATIO POLICY – 2020

HAVING CHOICE BASED CREDIT- SYSTEM

WITH MULTIPLE ENTRY AND MULTIPLE EXIT OPTIONS

(TO BE IMPLEMENTED FORM ACADEMIC YEAR 2023-24 ONWARDS)

M. A. – II Year Hindi Semester – III

एम. ए. द्वितीय वर्ष हिंदी सत्र–तृतीय

(Choice Based Credit- System)

सी. बी. सी. एस. प्रणाली के अनुसार

National Education Policy – 2020

Marks System: - UA-60 CA-40

राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 2020

शै. वर्ष 2024-25 से

Level	Semester	Code	Title of the Paper	Semester Exam			Credit-	Lecture	Total Com. Credit-s	Degree
				Theory		Total				
				U.A.	C.A.					
6.0	**Third (III)**								22.00	PG Diploma (After 3 Yr Degree)
	Subject		Major **Mandatory**							
	DSC	9	हिंदी पद्य साहित्य (मध्यकालीन काव्य) (230104301)	60	40	100	4.00	60		
	DSC	10	हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल एवं मध्यकाल) (230104302)	60	40	100	4.00	60		
	DSC	11	भारतीय काव्यशास्त्र (230104303)	60	40	100	4.00	60		
	DSC	12	भाषा शिक्षण (230104304)	30	20	50	2.00	30		
	DSE		Mandatory Elective (Any One)				4.00	60		
		3.1	समकालीन विमर्श (किन्नर एवं किसान विमर्श) (230104306)	60	40	100	4.00	60		
		3.2	कथेतर साहित्य (आत्मकथा एवं जीवनी) (230104307)	60	40	100	4.00	60		
	RP (Research Project)	3.0	शोध परियोजना (230104305)	60	40	100	4.00	60		

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSC - 9 **Course Code:** 230104301 **Course Name:** Hindi **Title of Paper:** हिंदी पद्य साहित्य (मध्यकालीन काव्य)	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 60 Hours, 04 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 60 Marks **CA:-** 40 Marks

प्रस्तावना /Preamble

भारतीय साहित्य के विकास में मध्ययुगीन काव्य कामहत्तपूर्ण योगदान रहा है। हिंदी का मध्यकाल हिंदी साहित्य इतिहास में स्वर्णयुग माना जाता है। यह भक्ति की महत्ता स्थापित करने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसी समय संपूर्ण भारत में भक्ति आंदोलन की लहर शुरू हुई। हिंदी में कबीर, जायसी, सूरदास, तुलसीदास, मीरा आदि के काव्य ने भक्ति आंदोलन को व्यापक बनाया। यह युग आम समाज के लिए कष्टप्रद था। मध्ययुगीन काव्य ने उनके भीतर चेतना और जीने की ऊर्जा निर्माण की। इस काव्य में भारतवर्ष का संपूर्ण जीवन दर्शन है। अहिंसा, प्रेम, करुणा, समन्वयशीलता, मानवता, मनुष्यता आदि नैतिक मूल्यों की स्थापना इस काव्य का प्रतिपाद्य है।भक्ति की धारा के बीच कवि भूषण ने भी अपनी वीर रस की कविताओं से मध्ययुगीन इतिहास को सच्चाई से अभिव्यक्त किया है।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य /Course objective

1. हिंदी का भक्तिकालीन काव्य प्रवृत्तियों की जानकारी देना।
2. तत्कालीन प्रमुख कवियों की कृतियों के प्रत्यक्ष अध्ययन द्वारा उक्त काव्य से साक्षात्कार करना।
3. मध्ययुगीन काव्य में अभिव्यक्त प्रेम, त्याग, करुणा, अहिंसा, समन्वयनशीलता, मानवता आदि मूल्यों से परिचित करना।
4. मध्यकालीन विभिन्न काव्य धाराओं का अध्ययन करना

पाठ्यक्रम सीखने के परिणाम /course Learning Outcomes POs

1. छात्र मध्ययुगीन साहित्य से परिचित होते हैं।
2. छात्रों में मध्ययुगीन संत साहित्य के बारे में रुचि पैदा होती है।
3. छात्र कबीर, जायसी, भूषण और बिहारी की काव्य संवेदना से परिचित होते हैं।
4. छात्र भक्ति आंदोलन के स्वरूप को समझते हैं।
5. सगुण और निर्गुण भक्तिधारा से परिचित होते हैं।
6. छात्र तत्कालीन भारतीय, सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक परिवेश से परिचित हो जाते हैं।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया /Teaching Learning

1. कक्षा व्याख्यान।
2. सामूहिक चर्चा।
3. विश्लेषण विधि।

पाठ्यक्रम कालावधी –

एम. ए. हिंदी एक दो वर्ष का पूर्णावधि पाठ्यक्रम है जिसे चार सत्रों का रहेंगा, जिसके लिए 22 क्रिडीट प्राप्त करना आवश्यक है| एम. ए. उपाधि के लिए 132 / 176 क्रेडीट प्राप्त करना अनिवार्य रहेंगा|

प्रवेश के लिए योग्यता –

जो छात्र मानव्य विद्या शाखा अंतर्गत आनेवाले बी. ए. के किसी भी विषय को लेकर प्राप्त करेगा वह प्रवेश पाने के लिए पात्र है| प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा (युजीसी) तथा विश्वविद्यालयद्वारा समय समय पर निर्गमित होनेवाले नियम परिनियमों का बंधन रहेगा|

अध्ययनार्थ विषय, पाठ्यपुस्तके-

1. **कबीरदास -**हजारी प्रसाद द्विवेदी, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

२ .**पद्मावत -** कवि जायसीसंरामचंद्र शुक्ल .आ ., नागरी प्रचारणी, सभा, वाराणसी

3. **संक्षिप्त भूषण -** भगवानदास तिवारीद इलाहाबा. लि .साहित्य भवन प्रा ,

4. **बिहारी सतसई -** कविवर बिहारीराजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली.

इकाई- 1- कबीर **Weightage / बल**
Credit - 1 Lecture -15
Marks - 15

1. पद क्र .160 से 180
2. कबीर की काव्य कलाभाषा ,भक्ति भावना ,समाज दर्शन ,

इकाई2-जायसी **Credit - 1 Lecture -15**
Marks - 15

1. मानसरोवर खंड
2. जायसी की काव्य कला, सौंदर्य चित्रण, प्रकृति चित्रण

इकाई– 3 – भूषण **Credit - 1 Lecture -15**
Marks – 15

1. पद क्र .1 से 25
2. भूषण की काव्य कला, भाषा, तत्व, समन्वय, राष्ट्रप्रेम, राजवंश वर्णन, शिवचरित्र

इकाई -4- बिहारी **Credit - 1 Lecture -15**
Marks - 15

1. दोहे क्र .11 से 30
2. बिहारी का शृंगार वर्णन, सौंदर्य चित्रण, काव्य सौंदर्य, हिंदी साहित्य में बिहारी का स्थान

संदर्भ ग्रंथ -

1. कबीर दर्शन – अभिलाषदास, कबीर ग्रंथ संस्था, इलाहाबाद
2. जायसी कृत पद्मावत - डॉसुरजभाव शर्मा ., अनिता प्रकाशन, नई सडक दिल्ली
3. जायसी : एक विवेचन - देवराजसिंह भाटी, हिंदी साहित्य संहिंदी साहित्य संसार ., दिल्ली
4. भारतीय संगीत और कवि घनानंद - डॉ अर्चना पाण्डेय, संजय प्रकाशननई दिल्ली ,
5. भारतीय साहित्य के निर्माता घनानंद - लल्लन राय, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली
6. हिंदी साहित्य का इतिहास - आ रामचंद्र शुक्ल, नागरी प्रचारणी सभा, वाराणसी
7. हिंदी साहित्य और संवेदना का इतिहास - लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद

प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन

1. बहुविकल्पी 12 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12अंक)

2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (6 में से 4)(पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

3.टिप्पणी लिखिए (4 में से2) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

5. दीर्घोत्तरी प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

कुल अंक = 60

Equivalent Subject for Old Syllabus

Sr. No.	Name of the Old Paper SEM-III	Name of the New Paper SEM-III
DSE 3.1	प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य	DSE .9 हिंदीपद्य साहित्य(मध्यकालीन काव्य)

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSC - 10 **Course Code:** 230104302 **Course Name:** Hindi **Title of Paper:** हिंदी साहित्य इतिहास (आदि काल एवं मध्यकाल)	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 60 Hours, 04 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 60 Marks **CA:-** 40 Marks

प्रस्तावना / Preamble

किसी भी भाषा के समग्र लेखन परंपरा से अवगत होना है, तो उसके इतिहास को समझना आवश्यक होता है। इस से भाषा साहित्य निर्मिति की और प्रदीर्घ लेखन परंपरा जानकारी प्राप्त होती है। जो उस भाषा के साहित्यिक उतार चढ़ाव से अवगत-चार प्रवाह आते हैं कराती है। साहित्य में विभिन्न वि, जो उस साहित्य समृध्दि को इंगित करते हैं। हिंदी साहित्य की भी विशाल परंपरा है। जिसमें रासो साहित्य से लेकर वर्तमान काल का विधागत विस्तार हिंदी साहित्य के व्यापकता को दर्शाता है। प्रस्तुत पाठ्यक्रम में हिंदी साहित्य के इतिहास की पृष्ठभूमि, आदिकाल, भक्तिकाल, एवं रीतिकाल का अध्ययन किया जाएगा।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य /Course objective

1. हिंदी साहित्य के इतिहास का महत्व विशद कराना।
2. आदिकाल के दार्शनिक परिवेश का परिचय कराना।
3. हिंदी के आदिकालीन एवं भक्तिकालीन साहित्य का परिचय कराना।
4. रीतिकालीन साहित्य एवं प्रवृत्तियों से परिचय कराना।

पाठ्यक्रम सीखने के परिणाम /Course Learning Outcomes

1. छात्र हिंदी साहित्य के महत्व को समझेंगे।
2. आदिकाल के दार्शनिक परिवेश से परिचित होंगे ।
3. हिंदी के आदिकालीन एवं भक्तिकालीन साहित्य का परिचित होंगे ।
5. रीतिकालीन साहित्य एवं प्रवृत्तियों सेपरिचित होंगे।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया /Teaching Learning Process

1. कक्षा व्याख्यान
2. समूह चर्चा

अध्ययनार्थ विषय:- **Weightage / बल**

इकाई - I हिंदी साहित्य की पृष्ठभूमि **Credit-1 Lecture 15**

1. हिंदी साहित्य इतिहास लेखन की परंपरा **Marks - 15**

2. हिंदी साहित्य का काल विभाजन और नामकरण

3.सिद्ध साहित्य, नाथ साहित्य, जैन साहित्य का सामान्य परिचय

इकाई - II आदिकाल **Credit-1 Lecture 15**

1. आदिकाल का नामकरण **Marks – 15**

2. रासो शब्द की उत्पत्ति

3. रासो साहित्य का सामान्य परिचय –1.पृथ्वीराज रासो, 2. बिसलदेव रासो, 3. खुमान रासो, 4. परमाल रासो

4. आदिकाल की विशेषताएं

इकाई - III. मध्यकाल **Credit-1 Lecture 15**

अ. भक्तिकाल- निर्गुण काव्य **Marks - 15**

1. भक्ति आंदोलन के उदय के सामाजिक- सांस्कृतिक कारण
2. निर्गुण काव्यधारा की विशेषताएं
3. संत कबीर - ज्ञानाश्रयी काव्य की विशेषताएं
4. मलिक मोहम्मद जायसी - प्रेमाश्रयी काव्य की विशेषताएं
5. कवि परिचय - दादू, कुतुबन

ब. भक्तिकाल - सगुण काव्य

1. सगुण काव्य धारा की विशेषताएं
2. संत तुलसीदास- राम भक्ति काव्य की विशेषताएं
3. सूरदास- कृष्ण भक्ति शाखा की विशेषताएं
4. प्रतिनिधि कवियों का परिचय –नंददास, रसखान

इकाई - IV. रीतिकाल **Credit-1 Lecture 15**

1. रीति शब्द का अर्थ **Marks – 15**
2. रीतिकाल का नामकरण
3. रीतिकालीन साहित्य की विशेषताएं
4. रीतिबद्ध, रीतिसिद्ध एवंरीतिमुक्त साहित्य की प्रवृत्तियां
5. कवि परिचय- आ. केशवदास, घनानंद

संदर्भ ग्रंथ:-

1. हिंदी साहित्य का इतिहास- आचार्य रामचंद्र शुक्ल

2. हिंदी साहित्य का इतिहास- सं.नगेन्द्र, हरदयाल

3. हिंदी साहित्य का दूसरा इतिहास- डॉ.बच्चन सिंह

4. हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ. माधव सोनटक्के

5. हिंदी साहित्य की युग और प्रवृत्तियाँ- डॉ. शिवकुमार शर्मा

6. हिंदी साहित्य का सही इतिहास- डॉ.चंद्रभानु सोनवणे

7. आधुनिक हिंदी साहित्य का इतिहास- डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे

8. हिंदी साहित्य : एक सरल परिचय- प्रो.सुरैय्या शेख

9. हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास- गणपतिचन्द्र गुप्त

10. हिंदी साहित्य का आधा इतिहास- सुमनराजे

<u>प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन</u>

1. बहुविकल्पी 12 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर)	(12अंक)
2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (6 में से 4) (पूरे पाठ्यक्रम पर)	(12 अंक)
3. टिप्पणी लिखिए (4 में से2) (पूरे पाठ्यक्रम पर)	(12 अंक)
4. दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर)	(12 अंक)
5. दीर्घोत्तरी प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर)	(12 अंक)

कुल अंक = 60

Equivalent Subject for Old Syllabus

Sr. No.	Name of the Old Paper SEM-III	Name of the New Paper SEM-III
DSC 3.1	हिंदी साहित्य का इतिहास	DSC -10 हिंदी साहित्य का इतिहास (आदिकाल एवं मध्यकाल)

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSC - 11 **Course Code:** 230104303 **Course Name:** Hindi **Title of Paper:** भारतीय काव्यशास्त्र	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 60 Hours, 04 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 60 Marks **CA:-** 40 Marks

प्रस्तावना / Preamble

किसी रचना के भाव, विचार एवं मूल्य उद्घाटन के लिए काव्यशास्त्र और साहित्यालोचन का ज्ञान अपरिहार्य है। काव्यशास्त्र के अध्ययन से एक ऐसी दृष्टि विकसित होती है, जिसके आधार पर साहित्य के मर्म एवं मूल्य को परखा जा सकता है। सांस्कृतिक परिवेश के साथ रचना का आस्वाद प्राप्त करने और जाँच-परख के लिए काव्यशास्त्र का अध्ययन आवश्यक होता है। भारतीय काव्यशास्त्र की परम्परा प्राचीन है जिसका संस्कृत काव्यशास्त्र से अविर्भाव होता है। भरतमुनि का नाट्यशास्त्र इसका प्राचीनतम ग्रंथ माना जाता है। इसमें रस विषय में विस्तार से विवेचन है। रस से लेकर औचित्य सिध्दांत तक भारतीय आचार्यों ने काव्य पर विस्तार से चिंतन किया है। इस चिंतन का परिपाक ही भारतीय काव्यशास्त्र की निचौड है।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य / Course objective

1. भारतीय काव्यशास्त्र के विकास से परिचित कराना।
2. संस्कृत आचार्यों और उनके द्वारा स्थापित सिध्दांतों से अवगत कराना।
3. संस्कृत काव्यशास्त्र के सिध्दांतों की अवधारणा एवं उसके स्वरूप से छात्रों कोरू-ब-रू कराना।
4. काव्यशास्त्र को लेकर भारतीय चिन्तन को समझाना।

पाठ्यक्रम सीखने का परिणाम / Course Outcomes

1. भारतीय काव्यशास्त्र के विकास से परिचित होते हैं।
2. संस्कृत आचार्यों और उनके द्वारा स्थापित सिध्दांतों का परिचयमिलता है।
3. संस्कृत काव्यशास्त्र के सिध्दांतों की अवधारणा एवं उसके स्वरूप से छात्र परिचित होते हैं।
4. काव्यशास्त्र को लेकर भारतीय चिन्तन परम्परा को समझते हैं।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया / Teaching Learning Process

1. कक्षा व्याख्यान
2. सामूहिक चर्चा

अध्यनार्थ विषय: संस्कृत काव्यशास्त्र **Weightage / बल**

इकाई I भारतीय काव्यशास्त्र का विकासक्रमऔररस सिध्दांत **Credit-1 Lecture-15**
Marks - 15

- परिभाषा एवं रस अवयव, रस निष्पत्ति : भट्टलोलट-उत्पत्तिवाद, शंकुक-अनुमितिवाद, भट्टनायक-भुक्तिवाद तथा अभिनव गुप्त-अभिव्यक्तिवाद, रस के भेद, रस की स्वरूपगत विशेषताएँ

इकाई II अलंकार और रीति सिध्दांत **Credit-1 Lecture-15**
Marks - 15

- अलंकार का अर्थ, परिभाषा एवं स्वरूप, अलंकार सम्प्रदाय की परम्परा, अलंकार के भेद
- रीति शब्द का अर्थ एवं परिभाषा, रीति की परम्परा, रीति के आधारभूत तत्व : गुण और दोष, रीति के प्रकार

इकाई III ध्वनि और **वक्रोक्ति सिध्दांत** **Credit-1 Lecture-15**
Marks - 15

- ध्वनि की व्युत्पत्ति, परिभाषा, ध्वनि और शब्दशक्ति, ध्वनि के भेद
- वक्रोक्ति की परिभाषा एवं स्वरूप, कुन्तक पूर्व वक्रोक्ति विचार, वक्रोक्ति के प्रमुख भेद, वक्रोक्ति सिध्दांत और अभिव्यंजनावाद

इकाई IV औचित्य सिध्दांतऔरहिंदी आलोचक **Credit-1 Lecture-15**
Marks - 15

- औचित्य की परिभाषा एवं स्वरूप, आचार्य क्षेमेंद्र पूर्व औचित्य विचार, औचित्य के भेद
- हिंदी आलोचक आ. रामचंद्र शुक्ल, हजारीप्रसाद द्विवेदी, नंददुलारे वाजपेयी और रामविलास शर्मा

संदर्भ ग्रंथ :

1. भारतीय एवं पाश्चात्य काव्य सिध्दांत-डॉ. गणपतिचंद्र गुप्त

2. भारतीय काव्यशास्त्र-डॉ. तारक नाथ बाली

3. साहित्यशास्त्र-डॉ.सूर्यनारायण रणसुभे**,** डॉ.नरसिंह प्रसाद दुबे

4. काव्यशास्त्र-डॉ. भगीरथ मिश्र

5. भारतीय साहित्यशास्त्र खंड **1, 2 -** आचार्य बलदेव उपाध्याय

6. भारतीय काव्यशास्त्र की भूमिका-डॉ. नगेंद्र

7. साहित्य के प्रमुख सिध्दांत-डॉ. राममुर्ति त्रिपाठी

8. भारतीय काव्यशास्त्र-सत्यदेव चौधरी

9. रस सिध्दांत: स्वरूप विश्लेषण-डॉ. आनंदप्रकाश दिक्षीत

प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन

1. बहुविकल्पी 12 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12अंक)

2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (6 में से 4)(पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

3.टिप्पणी लिखिए (4 में से2) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

5. दीर्घोत्तरी प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

कुल अंक = 60

Equivalent Subject for Old Syllabus

Sr. No.	Name of the Old Paper SEM-III	Name of the New Paper SEM-III
DSC 3.2	भारतीय काव्यशास्त्र	DSC -11भारतीय काव्यशास्त्र

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSC - 12 **Course Code:** 230104304 **Course Name:** Hindi **Title of Paper: भाषा शिक्षण**	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 30 Hours, 02 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 30 Marks **CA:-** 20 Marks

प्रस्तावना / Preamble

साहित्य और शिक्षा का गहरा संबंध है। वस्तुतः इन दोनों का संबंध समाज के ज्ञान-प्रियता से है। हिंदी भाषा, साहित्य और शिक्षा के कारण सामाजिक, राष्ट्रीय वार्तालाप, सांस्कृतिकता का विभिन्न बोध होता है ।भाषा-शिक्षा के कारण विभिन्न भाषा, आचार-विचार, नित-नए तकनीकी का अनुभव के कारण व्यावहारिक विश्व में समन्वय स्थापित होता है। आज बदलते युग में हिंदी को समझने एवं समझाने के लिए छात्रों को नए कौशलों के साथ –साथ नई शिक्षण विधियों से परिचित होना आवशक है। जिससे वह शिक्षण प्रक्रिया में खुद को पिछड़ा महसूस न करे। इस पाठ्यक्रम में यह कोशिश की है की आप हिंदी की आधुनिक शिक्षण विधियों परिचित होकर आगे कक्षा में आसान तरीके से हिंदी आध्यापन करे और हिंदी को समझे।

पाठ्यक्रम का उद्देश्य / **Course objective**

1. हिंदी भाषा और शिक्षण से छात्रों को रूचि पूर्ण बनाना।
2. भाषा-शिक्षा से सामाजिक, सांस्कृतिक, वैश्विक विविधता से परिचित कराना।
3. हिंदी भाषा-शैक्षिक प्रक्रिया से अवगत होना।
4. भाषाई कौशल से अवगत होना।

पाठ्यक्रम सीखने का परिणाम / **Course Outcomes**

1. हिंदी भाषा और शिक्षण से छात्रों को रूचि उत्पन्न होती है।
2. भाषा-शिक्षा से सामाजिक, सांस्कृतिक, वैश्विक विविधता से परिचित होते हैं।
3. हिंदीभाषा-शैक्षिक प्रक्रिया से अवगत होते हैं।
4. भाषाई कौशल से अवगत होते हैं।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया / **Teaching Learning Process**

1. कक्षा व्याख्यान
2. सामूहिक चर्चा

Weightage / बल

इकाई - I भाषा-शिक्षण के विविध आयाम **Credit-1 Lecture 15**

Marks - 15

1. भाषा, मातृभाषा, द्वितीय भाषा और विदेशी भाषा के रूप में हिंदी

2. भाषा-शिक्षण (language Teaching) अर्थ , परिभाषा एवं महत्व

3. भाषा-शिक्षण की प्रविधियाँ- व्याकरण-अनुवादविधि, प्रत्यक्षविधि

४. प्राकृतिक विधि, संप्रेषणात्मक और आलोचनात्मक विधि

इकाई – II हिंदी भाषा-शिक्षण के विभिन्न पक्ष **Credit-1 Lecture 15**

Marks - 15

1. **कौशल शिक्षण:** श्रवण एवं उच्चारण, वाचन, लेखन: लिपि वर्तनी एवं पाठ अनुच्छेद, व्याकरणिक संरचना

2. **गद्य एवं पद्य पाठों एवं संबंधित विधाओं का शिक्षण-** कविता, कहानी, निबंध एवं नाटक

3**. भाषा- मूल्यांकन तथा परीक्षण** की संकल्पना, भाषा-परीक्षण के कार्य, मूल्यांकन के प्रकार

4. **भाषाई कौशलें का परीक्षण:** श्रवण, भाषण, वाचन, लेखन अन्य रूप,

संदर्भ ग्रंथ:

1. भाषा-शिक्षण-रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

2. हिंदी भाषा –भोलानाथ तिवारी, किताब महल, नई दिल्ली

3. हिंदी भाषा शिक्षण- राम शकल पाण्डेय, विनोद पुस्तक मंदीर, आगरा

4. हिंदी भाषा शिक्षण –डॉ.सदानंद भोसले,

5. भाषा शिक्षण –प्रतिमा, श्री नटराज प्रकाशन, दिल्ली

6. भाषा शिक्षण के विविध आयाम – लालचंद राम, विश्व ज्ञान प्रकाशन, नई दिल्ली

7. भाषा एवं भाषा शिक्षण खंड -2 – संपा. रमाकांत अग्निहोत्री, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन

1. बहुविकल्पी 6 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (6अंक)

2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (4 में से 2) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (6 अंक)

3.टिप्पणी लिखिए (2 में से1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (6 अंक)

4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

कुल अंक = 30

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSE – 3.1 **Course Code:** 230104306 **Course Name:** Hindi **Title of Paper:** समकालीन विमर्श (किन्नर विमर्श एवं किसान विमर्श)	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 60 Hours, 04 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 60 Marks **CA:-** 40 Marks

प्रस्तावना / Preamble

मनुष्य 'विकास' का अनुगामी निरंतर रहा है। विकास के इस पथ पर मनुष्य ने भौतिक विकास के साथ-साथ व्यक्तिगत विकास को अहमियत देकर आदिम से अधुनातन मनुष्य बनने की यात्रा सफलतापूर्वक पार की हुई दिखाई देती है। मनुष्य की इस यात्रा में 'समाज' एक अभिन्न और आवश्यक तत्त्व विद्यमान रहा है। समाज की परिकल्पना में अनेक विविधताओं ने मनुष्य को 'सामाजिक' बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसी सामाजिकता की कड़ी में और 'सर्वसमावेशिता' की बुनियाद पर आज के दौर में विकास से कोसों दूर अभावग्रस्त जिंदगी जीने के लिए मजबूर किन्नर एवं किसान वर्ग अपने अस्तित्व की जमीं तलाश रहा है। विकास की पारिकल्पना बहुत व्यापक एवं निरंतर है। अतः इस दृष्टि से विचार करें तो स्पष्ट है कि, वर्तमान समय में समाज का एक तिरस्कृत वर्ग- 'किन्नर' है तो दूसरा समाज का एक अनिवार्य वर्ग- 'किसान' है जो विकास की परिभाषा में आईसीयू (गंभीर चिकित्सा इकाई) की जिंदगी काट रहा है।

विशिष्ट समुदाय एवं वर्ग के हक़ एवं अस्तित्व की गुहार को आज के दौर में विभिन्न विमर्शों के माध्यम से मुखरित किया जा रहा है। हिंदी साहित्य में इसे ही 'समकालीन विमर्श' के नाम से जाना जाता है। विभिन्न विमर्शों में से 'किन्नर विमर्श' एवं 'किसान विमर्श' को इस प्रश्नपत्र के माध्यम से स्नातकोत्तर छात्रों को अवगत कराया जा रहा है। इससे समाज अभिन्न परंतु उपेक्षित समुदाय के दुःख-दर्द से पाठक अभिभूत हो जाएगा और प्रस्तुत पाठ्यक्रम सर्वसमावेशकता (inclusive) की भूमि को पुष्टि प्रदान करेगा।

- **पाठ्यक्रम के उद्देश्य Course Objective**

1. हिंदी उपन्यास साहित्य की नव विचारधाराओं का परिचय कराना।
2. किन्नर विमर्श से परिचित कराना।
3. किसान विमर्श से परिचित कराना।
4. सामाजिक पीड़ा का अवलोकन कराना।
5. सर्वसमावेशकता का परिचय प्राप्त कराना।

- **पाठ्यक्रम सीखने के परिणाम Course Outcome**

1. हिंदी उपन्यास विधा के नव विचारधाराओं से परिचित होंगे।
2. किन्नर विमर्श से परिचित होंगे।
3. किसान विमर्श से परिचित होंगे।
4. सामाजिक पीड़ा की अनुभूति प्राप्त होगी।
5. सर्वसमावेशकता की भावधारा से परिचित होंगे।

- **शिक्षण अधिगम प्रक्रिया (Teaching Learning Process) :**

1. कक्षा व्याख्यान
2. सामूहिक चर्चा
3. उपन्यास मंचन

अध्ययनार्थ पाठ्यपुस्तकें –

1. **तीसरी ताली- प्रदीप सौरभ, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली-2011**
2. **ढलती साँझ का सूरज- मधु कांकरिया, राजकमल प्रकाशन, दरियागंज-2022**

अध्ययनार्थ पाठ्यक्रम :- **Weightage / बल**

इकाई 1 : किन्नर विमर्श **Credit-1 Lecture-15**

1. अवधारणा एवं व्याप्ति Marks - 15
2. उद्भव एवं विकास
3. विशेषताएँ

इकाई 2 : तीसरी ताली (उपन्यास) – प्रदीप सौरभ **Credit-1 Lecture-15**

1. प्रदीप सौरभ : व्यक्तित्व एवं कृतित्व Marks - 15
2. तीसरी ताली : उपन्यास के तत्त्व
3. तीसरी ताली : उपन्यास की विशेषताएँ
4. तीसरी ताली : किन्नर विमर्श

इकाई 3 : किसान विमर्श **Credit-1 Lecture-15**

1. अवधारणा एवं व्याप्ति Marks - 15
2. उद्भव और विकास
3. विशेषताएँ

इकाई 4 : ढलती साँझ का सूरज (उपन्यास) – मधु कांकरिया **Credit-1 Lecture-15**

1. मधु कांकरिया : व्यक्तित्व एवं कृतित्व Marks - 15
2. ढलती साँझ का सूरज : उपन्यास के तत्त्व
3. ढलती साँझ का सूरज : उपन्यास की विशेषताएँ
4. ढलती साँझ का सूरज : किसान विमर्श

संदर्भ ग्रंथ :

1. संपा. डॉ.फिरोज खान, थर्ड जेंडर : अतीत और वर्तमान (भाग 1,2,3), विकास प्रकाशन, कानपुर-2018
2. पार्वती कुमारी, किन्नर समाज संदर्भ – तीसरी ताली, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली – 2019
3. अकरम हुसैन, किन्नर विमर्श के उपन्यासों का समीक्षात्मक विश्लेषण, वाङ्मय हिंदी पत्रिका, अलीगढ़
4. गोपालराय, उपन्यास की संरचना, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली- 2010
5. डॉ.ए.एन.तिवारी, समाजशास्त्र के प्रमुख सिद्धांत, अध्ययन पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली- 2011
6. महात्मा जोतिबा फुले, गुलामगिरी. किसान का कोड़ा, इशारा, सत्सर, जेनरिक बुक्स, ऑनलाइन Amazon,2021
7. संपा. मनु गौतम, भारत में कृषि : संकट और संभावनाएँ, रावत पब्लिकेशन,नई दिल्ली-2021
8. https://m.sahityakunj.net/entries/view/vimarsh-ki-vicharparak-aalochana-third-gender-atiit-aur-vartman-bhag123
9. https://rishabhuvach.blogspot.com/2018/
10. https://www.apnimaati.com/2017/11/blog-post_72.html
11. https://kushraaz.blogspot.com/2019/10/blog-post_27.

प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन

1. बहुविकल्पी 12 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12अंक)

2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (6 में से 4) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

3.टिप्पणी लिखिए (4 में से2) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

4.दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

5. दीर्घोत्तरी प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

कुल अंक = 60

Equivalent Subject for Old Syllabus

Sr. No.	Name of the Old Paper SEM-III	Name of the New Paper SEM-III
DSE 3.2	हिंदी नाटक एवं रंगमंच	समकालीन विमर्श – किन्नर विमर्श, किसान विमर्श

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापूर विद्यापीठ ।। विद्यया संपन्नता ।। NAAC Accredited-2022 'B++' Grade (CGPA-2.96)	**Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur** **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** DSE – 3.2 **Course Code:** 230104307 **Course Name:** Hindi **Title of Paper: हिंदी कथेतर साहित्य (आत्मकथा एवं जीवनी)**	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 60 Hours, 04 Credits **OR** **Practical:** 00 Hours, 00 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 60 Marks **CA:-** 40 Marks

प्रस्तावना / Preamble

संवेदनशील व्यक्ति की मानसिक या वैचारिक प्रतिक्रिया जब शब्द रूप में तथा पूर्ण कलात्मकता के साथ अभिव्यक्त होती है तब उसे साहित्य कहा जाता है। साहित्य के गद्य तथा पद्य ऐसे दो मुख्य प्रकार है। गद्य को भी कथात्मक तथा कथेतर गद्य के रूप में विभाजित किया जा सकता है। कथेतर साहित्य का संबंध भी मनुष्य की अनुभूतियों और संवेदनाओं से होता है किंतु उस में कथात्मक साहित्य की तरह कोई कहानी और उसकी कथा वस्तु नहीं होती। कहानी, उपन्यास, नाटक और एकांकी यथार्थ पर आधारित काल्पनिक रचनाएँ होती है किंतु कथेतर साहित्य का आधार ठोस यथार्थ ही होता है। इसी कारण कभी-कभी ऐसी रचनाएँ साहित्य के सीमान्त पारखी नजर आती है। उनमें सृजनका तत्व उस रूप में नहीं दिखाई देता है, जिस रूप में वह कविताया अन्य कथात्मक साहित्य रूपों में दिखाई देता है। कुछ साहित्य प्रकार ऐसे होते हैं, जिन में कथा नहीं होती। उन में प्रत्यक्ष जीवन में मिलनेवाले व्यक्तियों के अनुभव होते हैं, उनका चरित्र चित्रण होता है, उनके जीवन का विस्तार से विवेचन होता है तो वह जीवनी का रूप धारण करता है और जब लेखक अपने जीवनानुभवों को स्वयंलिखता है तो वह आत्मकथा का रूप धारण करता है। इस तरह विद्यार्थियों को कथेतर साहित्य के अध्ययन से महानुभवों का अनुभव प्राप्त कर जीवन कालक्ष्य निर्धारित करने में सहायक होगा।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य Course Objective

1. छात्रों को आत्मकथा विधा को समझाते हुए उस के उदभव और विकास से अवगत कराना।
2. छात्रों को जीवनी विधा को समझाते हुए उस के उदभव और विकास से अवगत कराना।
3. छात्रों को मन्नू भंडारीद्वारा रचित आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' से परिचित कराना।
4. छात्रों को विष्णु प्रभाकरद्वारा रचित जीवनी 'आवारा मसीहा' से परिचित कराना।

पाठ्यक्रम सीखने के परिणाम Course Outcomes

1. छात्र आत्मकथा विधा को समझते हुए उसके उदभव और विकास से परिचित होंगे।
2. छात्र जीवनी विधा को समझते हुए उसके उदभव और विकास से परिचित होंगे।
3. छात्र मन्नू भंडारी द्वारा रचित आत्मकथा 'एक कहानी यह भी' से परिचित होंगे।
4. छात्रों को विष्णु प्रभाकरद्वारा रचित जीवनी 'आवारा मसीहा' से परिचित होंगे।

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया Teaching Learning Process

1 कक्षा व्याख्यान।
2 सामूहिक चर्चा।
3 विशेष अतिथि व्याख्यान।

अध्ययनार्थ विषय :

पाठ्यपुस्तकें-

1. एक कहानी यह भी – मन्नू भंडारी, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, संस्करण -।

2. आवारा मसीहा – विष्णुप्रभाकर, राजपाल एंड सन्स, दिल्ली, संस्करण- ।

Weightage / बल

इकाई : I – हिंदीआत्मकथा **Credit-1 Lecture-15**

1. हिंदी आत्मकथा: स्वरूप एवं तत्व Marks -15

2. हिंदी आत्मकथा: उद्भव एवं विकास

3. हिंदी कथेतर साहित्य

इकाई : II – एक कहानी यहभी – मन्नू भंडारी **Credit-1 Lecture-15**

1. मन्नू भंडारी का साहित्यिक परिचय Marks - 15

2. एक कहानी यह भी आत्मकथा की कथावस्तु

3. एक कहानी यह भी में अभिव्यक्त स्त्री का स्वर

4. एक कहानी यह भी: शिल्प एवं उद्देश्य

इकाई – III – जीवनी की अवधारणा **Credit-1 Lecture-15**

1. जीवनी: स्वरूप एवं तत्व Marks - 15

2. जीवनी**:** उद्भव एवं विकास

3. जीवनी और आत्मकथा में अंतर

इकाई – IV – आवारा मसीहा – विष्णु प्रभाकर **Credit-1 Lecture-15**

1. विष्णु प्रभाकर का साहित्यिक परिचय Marks - 15

2. आवारा मसीहा जीवनी की कथावस्तु

3. आवारा मसीहा जीवनी में परिवेश एवं चरित्र सृष्टि

4. आवारा मसीहा जीवनी में भाषा शैली एवं उद्देश्य

संदर्भ ग्रंथ सूची: -

1 हिंदी गद्य : विन्यास और विकास – रामस्वरूप चतुर्वेदी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।

2 गद्य के विविध रूप – सं. माजद असद, ग्रंथ अकादमी, नईदिल्ली।

3 हिंदी साहित्य का इतिहास – सं. डॉ नगेंद्र

4 हिंदी साहित्य का आधुनिक इतिहास – डॉ. तारकनाथ बाली

5 हिंदी कथेतर गद्य परंपरा और प्रयोग – प्र. सं. दयानिधि मिश्र, वाणी प्रकाशन , नई दिल्ली।

6 हिंदी आत्मकथा – डॉ. नारायण शर्मा.

प्रश्नपत्र का स्वरूप तथा अंक विभाजन

1. बहुविकल्पी 12 प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12अंक)

2. लघुत्तरी प्रश्न (दो या तीन वाक्यों में उत्तर अपेक्षित) (6 में से 4) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

3. टिप्पणी लिखिए (4 में से2) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

4. दीर्घोत्तरी प्रश्न (2 में से 1) (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

5. दीर्घोत्तरी प्रश्न (पूरे पाठ्यक्रम पर) (12 अंक)

कुल अंक = 60

Equivalent Subject for Old Syllabus

Sr. No.	Name of the Old Paper SEM-III	Name of the New Paper SEM-III
OET3.1,2	साहित्य मीमांसा, फिल्म मीमांसा	DSE 3.3 हिंदी कथेतर साहित्य (आत्मकथा एवं जीवनी)

	Punyashlok Ahilyadevi Holkar Solapur University, Solapur **M. A.– II (Hindi), Semester - III** **Vertical :** RP – 3 **Course Code:** 230104305 **Course Name:** Hindi **Title of Paper:** शोध परियोजना	
***Teaching Scheme** **Lectures:** 00 Hours, 00 Credits **OR** **Practical:** 60 Hours, 04 Credit	**With effect from** June - 2024	***Examination Scheme** **UA:-** 00 Marks **CA:-** 100 Marks **(Practical:-** 100 Marks)

प्रस्तावना / Preamble

शोध परियोजना का उद्देश्य अनुसंधान परिवेश का निर्माण तथा छात्रों में अनुसंधान वृत्ति का विकास करना है। कोई भी शोध समस्याओं का समाधान ढूँढने में मार्गदर्शन करता है। इसके साथ ही सामाजिक समस्याओं को समझने तथा उनका विश्लेषण करने में भी सहायक होता है। शोध नई विचारधारा और दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है, जो समाज में बदलाव और विकास के मार्गदर्शन में मदद करता है। इसमें विभिन्न तकनीकों और विधियों का उपयोग करके विषय के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन किया जाता है, जिससे छात्रों को नई जानकारी प्राप्त होती है। शोध परियोजना का मुख्य उद्देश्य नये और मौलिक विचारों को प्रस्तुत करना होता है। इसके साथ ही शोधोपयोगी और प्रभावी समाधानों की खोज करने में सहायता होती है, जो समस्याओं के समाधान में सहायता प्रदान करती हैं। अनुसंधान के माध्यम से लोगों की मानसिकता और विचारों को समझा जा सकता है तथा समस्या को विभिन्न परिप्रेक्ष्य से देखने की दृष्टि प्राप्त होती है। प्रत्यक्ष रूप से शोध परियोजना पर काम करने से पहले उसकी पद्धति और रुपरेखा समझना आवश्यक है। शोध के सोपानों में शोध की परिकल्पना और शोध की रुपरेखा का महत्त्वपूर्ण स्थान हैI साथ शोध के विषय के अनुसार शोध पद्धतियों को अपनाना पड़ता हैI यथाप्रसंग सामग्री संकलन, वर्गीकरण, सर्वेक्षण और साक्षात्कार लेने का कौशल होना भी आवश्यक है।

पाठ्यक्रम के उद्देश्य Course Obejective

1. छात्रों में अनुसंधान वृत्ति का विकास करना।
2. अनुसंधान के बारे में सैद्धांतिक जानकारी देना।
3. अनुसंधान के सोपानों से परिचित कराना।
4. विभिन्न अनुसंधान पद्धतियों की जानकारी देना।
5. शोध आलेख (रिसर्च पेपर) लेखन की जानकारी देना।
6. शोध की रुपरेखा तैयार करने की जानकारी देना।
7. भाषा सर्वेक्षणसे परिचित कराना।

पाठ्यक्रम सीखने के परिणाम Course Outcomes

1. छात्रों को अनुसंधान के बारे में सैद्धांतिक जानकारी मिलेगी।
2. अनुसंधानात्मक वृत्ति का विकास होगा।
3. शोध के सोपानों से परिचितहोंगे।
4. शोध की रुपरेखा बनाने का ज्ञान प्राप्त होगा।
5. शोध आलेख लेखन की प्रविधि से परिचित होंगे।
6. साक्षात्कार कला से परिचित होंगे।
7. भाषा सर्वेक्षण से अवगत होंगे।

शिक्षा विधि Pedagogy

विश्लेषण विधि, सर्वेक्षण विधि, प्रत्यक्ष कार्य विधि। परीक्षण एवं मूल्यांकन बाह्य परीक्षक के द्वारा अनिवार्यतः करना होगा। बाह्य परीक्षक अन्य महाविद्यालय का होगा। छात्र को बाह्य परीक्षक के सम्मुख मौखिकी/ प्रस्तुति देनी होगी।

पाठ्य विषय

